अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2013-हिं.अ. दिनांक: 22.08.2013

परिपत्र

विषय : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में "हिंदी पखवाड़ा" के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी।

संस्थान में निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 02.09.2013 से 14.09.2013 तक **"हिंदी पखवाड़े"** का आयोजन किया जा रहा है। "हिंदी पखवाड़े" के दौरान संस्थान के संकाय-सदस्यों/ अधिकारियों/ कर्मचारियों/ छात्र-छात्राओं के लिए निम्नानुसार हिंदी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है:-

क्र.सं.	प्रतियोगिता	दिनांक	स्थान एवं समय
1	श्रुतलेख प्रतियोगिता	02.09.2013	कॉन्फ्रेंस हॉल
2	अनुवाद प्रतियोगिता	03.09.2013	
3	निबंध प्रतियोगिता (क) हिंदी भाषी स्टाफ हेतु (ख) अन्य भाषा-भाषी स्टाफ हेतु	04.09.2013	डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार **नोट:** **सभी प्रतियोगिताएं अपराह्न 2.30 बजे से प्रारंभ होंगी।**
4	हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता	05.09.2013	
5	संस्थान के छात्र-छात्राओं हेतु विशेष निबंध प्रतियोगिता (क) हिंदी भाषा-भाषी छात्रों हेतु (ख) अन्य भाषा-भाषी छात्रों हेतु	06.09.2013	
6	वाद-विवाद प्रतियोगिता	09.09.2013	
7	काव्य-पाठ प्रतियोगिता	10.09.2013	

उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित उम्मीदवारों को दिनांक 14.09.2013 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से डॉ. रामालिंगास्वामी सभागार में आयोजित हिंदी पखवाडे के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महोदय के कर-कमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

उपर्युक्त प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए निम्नानुसार नकद पुरस्कार होंगे:-

क्र.सं.	पुरस्कार	पुरस्कार राशि
1	प्रथम पुरस्कार	रू. 5,000/- एक पुरस्कार
2	द्वितीय पुरस्कार	रू. 3,000/- एक पुरस्कार
3	तृतीय पुरस्कार	रू. 2,000/- एक पुरस्कार
4	प्रोत्साहन पुरस्कार	रू. 1,000/- पांच पुरस्कार

अतः सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र-अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया यह सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्र में कार्यरत सभी संकाय-सदस्यगण/अधिकारीगण/कर्मचारीगण/छात्रगण की जानकारी में ला दें ताकि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक स्टाफ सदस्यगण भाग ले सकें।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हिंदी अनुभाग से व्यक्तिगत रूप से अथवा फोन नं. 4863 पर संपर्क किया जा सकता है।

(संजीव चतुर्वेदी)
उप-सचिव एवं
प्रभारी अधिकारी (हिंदी)

वितरण:- सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र-अध्यक्षगण।